# उद्यानिकी फसलों की खेती कर किसान प्राप्त कर सकते हैं अतिरिक्त आय : विधायक

### उद्यानिकी मिशन अन्तर्गत दो दिवसीय कृषक सेमिनार एवं संगोष्ठी का डॉ.चौधरी ने किया शुभारम्भ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक सेमीनार एवं संगोष्ठी का सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा शुभारंभ किया गया। इस दौरान सांची जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पोर्ते सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, उद्यानिकी विभाग और कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी तथा जिले के सभी विकासखण्डों के कृषक उपस्थित रहे।



इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थिति में फसलों की खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फसल, सब्जी, फल व फूल की खेती करके ही अतिरिक्त आमदनी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि खेती को लाभकारी बनाने के लिए समन्वित कृषि प्रणाली, प्राकृतिक व जैविक खेती को अपनाना आवश्यक हो गया है। उद्यानिकी फसलों में प्राकृतिक व जैविक खेती को अपनाकर गुणवत्तायुक्त उत्पाद तैयार कर अधिक मूल्य प्राप्त किया जा सकता है। सरकार द्वारा भी किसानों की आमदनी में वृद्धि हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजनान्तर्गत जैम, जैली, जूस, मुरब्बा, सॉस, कैचप, मसालों के पाउडर, आटा मिल, दाल मिल, पोहा मिल, चावल मिल आदि सूक्ष्म उद्यमों को लगाकर आय में वृद्धि की जा सकती है।

कार्यक्रम में उद्यानिकी विभाग की सहायक संचालक श्रीमती नीलम पाटिल ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि रायसेन में फल, सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधियों फसलों की खेती के लिए कृषकों को जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जा रहा है। राष्ट्रीय एकीकृत बागवानी मिशन अन्तर्गत कृषक पॉली हाउस, नेट हाउस, ड्रिप व मल्चिंग तकनीक आदि का उपयोग कर उद्यानिकी फसलों का अच्छा उत्पादन ले सकते हैं। डॉ. स्वप्निल दुबे ने कहा कि उद्यानिकी फसलों में फसल विविधीकरण के अंतर्गत खरीफ में हल्दी व अदरक, रबी में धनिया, लहसुन, मैथी, कलौंजी व औषधीय फसलों में अश्वगंधा, शतावर उत्पादन की जिले में अच्छी संभावनाएं हैं एवं फल में थाई अमरूद, एपल बेर, स्ट्रॉबेरी, फूलों में झरबेरा व कारनेशन, सब्जी में ब्रोकली व रंगीन शिमला मिर्च व औषधीय फसल में अश्वगंधा व चिया सीड की उन्नत तरीके से खेती करके अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है।

उद्यानिकी वैज्ञानिक मुकुल कुमार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को कम पानी का उपयोग कर अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करने की तकनीक बताई गई। उन्होंने बताया कि किसान पौधरोपण एवं टपक सिंचाई पद्धति का प्रयोग कर कम से कम क्षेत्रफल में भी लाभ प्राप्त कर सकता है तथा परम्परागत खेती के अलावा उद्यानिकी के अन्तर्गत फल-बगीचा, फूलों की खेती, ड्रिप व मल्चिंग तकनीक पर सब्जियों की खेती करने से ही खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान उन्नतशील उद्यानिकी कृषक राजेश ठाकुर बगलबाड़ा, अभिषेक रघुवंशी सिलवानी, विक्रम रघुवंशी बगलबाड़ा द्वारा किये जा रहे नवाचार अनुभव को कृषकों के साथ साझा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रमाण-पत्र भी देकर सम्मानित भी किया गया। जिला स्तरीय कृषक सेमीनार एवं संगोष्ठी में जिले के सभी विकासखण्डों से आए किसानों द्वारा सहभागिता की गई। साथ ही उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजरानी महल के सोनबाथ को देख गदगद हुए पर्यटक




**नईदुनिया प्रतिनिधि, चंदेरीः** कनाडा, अमेरिका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया से आए विदेशी पर्यटकों के एक दल ने चंदेरी की ऐतिहासिक और छिपी हुई इमारतों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने चंदेरी के प्रसिद्ध राजा महल का अवलोकन किया और उसकी भव्यता व ऐतिहासिक महत्व की सराहना की।

पर्यटकों ने बताया कि चंदेरी की प्राचीन इमारतों में राजा महल सबसे शानदार और आकर्षक भवनों में से एक है। महल के अंदर बने प्राचीन बांकर (भंडार कक्ष) तथा ऐतिहासिक टर्किश हमाम ( सोनबाथ)को देखकर पर्यटक विशेष रूप से प्रभावित हुए। यह संरचनाएँ उस समय की उन्नत वास्तुकला और शाही जीवन शैली की झलक प्रस्तुत करती हैं।

विदेशी मेहमानों ने कहा हमतो सिर्फ़ चन्देरी हैंडलूम को पढ़ कर आए थे , यहाँ तो इतिहास का भंडार भरा हुआ है।कल्ले भाई , और गुरुप लीडर तुषार सिंह जी ने कहा कि , चंदेरी का इतिहास ना सिर्फ़ शहर के अंदर ही मौजूद है , बल्कि अगर यहाँ पर चार दिन भी ठहरा जाए तो देखने के लिए , बहटी मैथ, थूबोंन , कदवाहा , ननोंन की रोक आर्ट, और बूढ़ी चंदेरी जैसी अत्यंत समृद्ध है और यहाँ की ऐतिहासिक धरोहरें दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करने के लिए सक्षम हैं। उन्होंने चंदेरी की अन्य ऐतिहासिक इमारतों, मंदिरों और स्थानीयबुनकरों से भी वार्तालाप किया और संस्कृति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

## खास-खबरें

### स्पेशल डीएलसीसी बैठक में हितग्राही योजनाओं की बैंकवार हुई समीक्षा



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** स्पेशल डीएलसीसी (जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति) की बैठक में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की बैंकवार समीक्षा हुई। बैठक के अनुसार अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि जिन प्रकरणों में बैंकर्स द्वारा सहमति प्रदान कर दी गई है, उनमें वित्त पोषण की कार्यवाही शीघ्र की जाए। जिन आवेदनों में कमियां पाई गई थीं और उन्हें सुधार कर पुनः बैंकों को भेजा गया है, उन सभी प्रकरणों पर भी शीघ्र निर्णय लेकर स्वीकृति प्रदान की जाए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियाँ



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर ने जिले में विभिन्न विभागों एवं जनसामान्य के सहयोग से संचालित किए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कहा गया कि जल संरक्षण और जल स्रोतों के संवर्धन के लिए चलाया जा रहा यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण और साफ-सफाई के कार्य समयबद्ध रूप से किए जाएं। साथ ही वर्षा जल संचयन, जल संरचनाओं के संरक्षण और जल स्तर बढ़ाने के लिए व्यापक जनजागरूकता भी सुनिश्चित की जाए।

### माधव कॉलेज चंदेरी का प्रकृति शैक्षणिक भ्रमण संपन्न




**नईदुनिया प्रतिनिधि, चंदेरी :** पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2025-26 के तहत ईको क्लब के विद्यार्थियों का प्रकृति शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। महाविद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं का दल राजघाट जल विद्युत परियोजना के भ्रमण पर गया, जहां उन्होंने बांध के प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन किया। भ्रमण दल को प्राचार्य डॉ. अर्पिता तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों को प्रकृति और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. संचिता राठौर ने बताया कि प्रकृति भ्रमण से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. हरनाम सिंह ने बताया कि यह नेचर विजिट विद्यार्थियों में माइंडफुलनेस बढ़ाने के साथ मानसिक ताजगी भी प्रदान करती है। भ्रमण में डॉ. हरनाम सिंह, डॉ. कृष्णगोपाल भार्गव, डॉ. विक्रम बिलवाल और डॉ. सोनू चौहान सहित अन्य प्राध्यापकों ने सहभागिता की। वापसी पर ईको क्लब प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत राय ने सभी विद्यार्थियों, प्राचार्य, प्राध्यापकों और परियोजना से जुड़े अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### अपर कलेक्टर ने कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की

विदिशा (निप्र)। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने जिला मुख्यालय पर विभिन्न शासकीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली तथा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने प्रातः लगभग 10.20 बजे से जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री (ईई) जल संसाधन, एसडीओ डब्ल्यूआरडी क्रमांक 2, 5 एवं 8, तथा एसडीओ ईएनडीएम जल संसाधन विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया तथा कार्यालयों में समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

### प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए बैठक आयोजित



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** सोमवार को स्थानीय बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में आगामी 19 अप्रैल से आरम्भ होने वाले सात दिवसीय श्री राम महायज्ञ, प्राण प्रतिष्ठा, श्री रामकथा एवं रामलीला सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के संपादन एवं क्रियान्वयन के लिए विभिन्न कार्यसमितियों का गठन किया गया । संचालक पंडित श्री दुर्गाप्रसाद कटारे द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता नवनिर्माण समिति प्रमुख समाजसेवी श्री रुद्रप्रकाश राठौर ने की। इस अवसर पर संयोजक कटारे बाबा, रुद्र प्रकाश राठौर, पंडित मोहितराम पाठक और पंडित शैलेष तिवारी ने संबोधित किया। कटारे बाबा ने कहा कि मंदिर का जीर्णोद्धार मंदिर के संस्थापक स्व.श्री सूरदास बाबा की इच्छा के अनुरूप करोड़ों रुपयों की लागत से पुनर्निर्मित यह सुंदर और भव्य हनुमान मंदिर नगर का गौरव है और प्राण प्रतिष्ठा के पूर्ण होने के बाद नगर के धर्मप्रेमियों को समर्पित है। अध्यक्ष श्री राठौर ने भी अपने उद्बोधन में नगरवासियों से अपील की है कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना तन मन और धन से सहयोग करने के साथ उपस्थित होकर स्वयं का जीवन सार्थक करें और सफल बनाने में सहयोग करें। पंडित शैलेष तिवारी और पंडित मोहितराम पाठक ने नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संपूर्ण नगर के कर्मठ और उत्साही युवक आगे आएं और समिति को अपना नाम प्रस्तुत कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। इस अवसर पर अनेक नागरिकों ने स्वेच्छा से धन राशि भी दी और अनेक नागरिकों ने धन राशि के लिए घोषणा भी की है ।

## दोगुनी कीमत पर गैस सिलेंडर ब्लैक में देने पर पर द्वारका इण्डेन गैस एजेंसी सील



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए द्वारका इण्डेन गैस एजेंसी, मंदसौर को सील कर दिया है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य एवं राजस्व विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई के दौरान एजेंसी के कर्मचारी घनश्याम को घरेलू गैस सिलेंडर दोगुनी कीमत पर ब्लैक करते हुए पकड़ा। जांच के दौरान एजेंसी संचालक से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, लेकिन वे दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। इस पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से एजेंसी को आगामी आदेश तक सील कर दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी मंदसौर श्री शुभम पाटीदार, डिप्टी कलेक्टर श्री रोहित राणावत, तहसीलदार श्री अभिषेक चौरसिया, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री नारायणसिंह चन्द्रावत एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती आराधना खडिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि जिले में गैस आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उपभोक्ता बिना बुकिंग या अधिक कीमत पर गैस सिलेंडर खरीदने से बचें। यदि किसी द्वारा एलपीजी का अवैध भंडारण, कृत्रिम अभाव उत्पन्न करना या घरेलू गैस का व्यावसायिक दुरुपयोग किया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रजत जयंती पर प्रवचन महोत्सव की कलश यात्रा

**गंजबासौदा।** नगर के नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंदिर समिति द्वारा आयोजित रजत जयंती समारोह के तहत सप्त दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया।

कलश यात्रा हनुमान मंदिर, भावसार पुलिया, बरेठ रोड से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई कथा स्थल पर पहुंची। रास्ते में मां कृष्ण के भक्तों, शिष्यों और धर्म प्रेमी नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर, सिर पर कलश रखकर चल रही थीं, जिससे नगर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। महोत्सव के प्रथम दिवस के मुख्य जिजवान कल्पना वीरेंद्र सिंह रघुवंशी आगासोद परिवार रहे। समिति के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने नगर के सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से अपील की है कि वे इस आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव में शामिल होकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करें।

## जनसुनवाई में फरियादियों को ससम्मान कुर्सियों पर बिठाकर कप्तान ने सुनी समस्याएँ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में एक बेहद सुखद और सकारात्मक नजारा देखने को मिला। अमूमन पुलिस की छवि से लोग थोड़ा झिझकते हैं, लेकिन पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला की संवेदनशीलता ने इस धारणा को बदल दिया। जनसुनवाई में पहुंचे आमजनों को न केवल ससम्मान कुर्सियों पर बिठाया गया, बल्कि स्वयं कप्तान ने उनकी शिकायतों को एक-एक कर बड़े ही धैर्य और अपनत्व के साथ सुना। खास बात यह है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सामूहिक जनसुनवाई की यह नई शुरुआत है। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान जब 17 आवेदक अपनी व्यथा लेकर पहुंचे तो पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने सहजता से उनके साथ संवाद किया। वहां मौजूद लोग तब दंग रह गए जब देखा कि जिले का सबसे बड़ा पुलिस अधिकारी बेहद सादगी के साथ आम जनता के बीच बैठकर उनकी बातें सुन रहा है। फरियादियों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था थी और एसपी ने धैर्यपूर्वक सभी फरियादियों की बात सुनी।



**टालमटोल नहीं, समाधान चाहिएः** जनसुनवाई के दौरान श्री शुक्ला ने न केवल आवेदन लिए, बल्कि मौके पर ही संबंधित थाना प्रभारियों और विभागीय अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि पुलिस का काम जनता की समस्याओं को टालना नहीं, बल्कि उन्हें प्राथमिकता से हल करना है। आम नागरिक जब उम्मीद लेकर कार्यालय आता है तो उसे त्वरित न्याय मिलना ही चाहिए।

**निष्पक्षता से हो जांचः** एसपी श्री शुक्ला ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी 17 आवेदनों की जांच पूरी निष्पक्षता के साथ की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निराकरण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर होना चाहिए ताकि शिकायतकर्ता को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

**मानवीय पहल की हो रही सराहनाः** पुलिस अधीक्षक की इस मानवीय पहल की सराहना हो रही है। अधिकारियों का मानना है कि इस तरह की कार्यप्रणाली से न केवल पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम होगी, बल्कि लोगों का कानून पर भरोसा भी मजबूत होगा। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## वन अग्नि सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली निकाली, विधायक ने हरी झंडी दिखाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** स्थानीय निवासियों और वन क्षेत्र के पास रहने वाले नागरिकों को गर्मी में आग से वनों को बचाने, वनों के महत्व को समझाने और आगजनी की घटनाओं को रोकने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को रायसेन में वन विभाग द्वारा वन अग्नि सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। इस बाइक रैली को सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी तथा कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सामान्य वनमंडल कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, डीएफओ श्रीमती प्रतिभा शुक्ला तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बाइक रैली में विधायक डॉ चौधरी, डीएफओ श्रीमती प्रतिभा शुक्ला सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए और वन संरक्षण एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया।



इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि गर्मी के मौसम में वनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिन्हें रोकने हेतु जनजागरूकता के उद्देश्य से यह बाइक रैली आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि वनों में आग लगने की घटनाओं को रोकने में वन क्षेत्र के समीप निवासरत् नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वनों में तथा वन के आसपास सूखी घास या पत्तियों को नहीं जलाना चाहिए और जलती हुई बीड़ी/सिगरेट भी नहीं फेंकना चाहिए। यह हम सभी का दायित्व है कि अपने वनों की रक्षा करें एवं पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं।

डीएफओ श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि रायसेन वन विभाग ने गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ वनों को आग से बचाने और वन्य प्राणियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने व्यापक तैयारियां की हैं। विभाग ने आग से बचाव के लिए महुआ के पेड़ों के नीचे विशेष सफाई अभियान चलाया है।

### शिक्षक विरोधी आदेश वापसी को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा

**गंजबासौदा।** मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के सदस्यों ने टीईटी के विरोध में जारी शिक्षक विरोधी आदेश के पुनर्विचार और उसे वापस लेने की मांग को लेकर रविवार को विधायक हरीसिंह रघुवंशी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षक संगठनों ने कहा कि सरकार माननीय न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करे और संचालक लोकशिक्षण द्वारा जारी शिक्षक विरोधी आदेश को तत्काल वापस लिया जाए। इस अवसर पर सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे और उन्होंने अपने हक़ की रक्षा के लिए एकजुटता दिखाई।

विधायक हरीसिंह रघुवंशी ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। शिक्षक संगठन का कहना है कि वे अपने अधिकारों और शिक्षा क्षेत्र की सुरक्षा के लिए लगातार आंदोलनरत रहेंगे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं का किया त्वरित निराकरण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** मंगलवार को जिला मुख्यालय पर कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सोनकच्छ तहसील के ग्राम सांवेर के निवासियों ने अतिक्रमण मुक्त जमीन पर सार्वजनिक चबूतरा बनाने का आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। आवेदिकाओं अंजना दयाल और रमाबाई महोरिया ने पेंशन और ग्रेच्युटी दिलाने का आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया।

पवित्रा चौहान ने लोन क्लोज कराने और गिरजा पति अम्बाराम ने प्लाट से अवैध कब्जा हटवाने का आवेदन दिया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन सीमांकन, बिजली बिल सुधार, बीपीएल सूची में नाम जोड़ना, रास्ते से अतिक्रमण हटवाना और नालियों की सफाई जैसे मुद्दों पर भी त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।

### प्रस्तावित अनंतिम दरों के संबंध में कोई सुझाव 20 मार्च तक जिला पंजीयक कार्यकाल में प्रस्तुत करें : कलेक्टर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** मंदसौर में मंगलवार को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में हुई। जिला पंजीयक प्रशांत पाराशर ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि वर्ष 2026-27 हेतु जिले की गाईड-लाईन (अचल सम्पत्ति) के अनन्तिम दर निर्धारित किये जाने हेतु बैठक आयोजित की गई, सर्वसम्मति से उप-जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रस्तावित दरों को अनुमादित किया गया है। प्रस्तावित अनंतिम दरों जिला पंजीयक कार्यालय मंदसौर एवं सभी उप पंजीयक कार्यालयों में जनता के सुझाव हेतु प्रदर्शित की गयी है। दरों के संबंध में यदि कोई सुझाव पस्तुत करना चाहता है तो मय दस्तावेजी साक्ष्य के दिनांक 20.03.2026 को शाम 5:00 बजे तक जिला पंजीयक कार्यालय / उप-पंजीयक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

**स्पेशल खबर** पहले पानी चालू करने के लिए युवक ने की बहस, गाली-गलौज भी की, केस दर्ज

## पानी सप्लाई विवाद पर नपा कर्मचारी से मारपीट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** शहर में पानी की सप्लाई को लेकर हुए विवाद में नगर पालिका के एक कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शहर के वार्ड क्रमांक 1 बड़ियाखेड़ी की है, जहां जलप्रदाय ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पूनमचंद के साथ एक युवक ने मारपीट की।

जानकारी के अनुसार, पूनमचंद ट्यूबवेल के माध्यम से क्षेत्र में पानी की सप्लाई कर रहे थे। इसी दौरान स्थानीय निवासी निखिल वहां पहुंचा और अपनी गली में पहले पानी चालू करने की बात कहने लगा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया।



कोतवाली में दिए गए आवेदन के अनुसार, आरोपी निखिल ने कर्मचारी के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की और मारपीट की। पीड़ित पूनमचंद ने बताया कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। उसने कहा कि पहले उसकी लाइन चालू की जाए, नहीं तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।

**नपाकर्मियों में रोष, शिकायत करने थाने पहुंचेः** घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में नपाकर्मी कोतवाली थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। नगर पालिका ने आरोपी निखिल के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और मारपीट करने के आरोप में सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।